दिन–मंगलवार दिनांक– 10/11/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 5 मिनट

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत एक करोड़ से अधिक लाभार्थियों के खाते में मासिक पेंशन की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। एक हजार दो सौ पांच करोड़ रुपये से अधिक की राशि लाभुकों के खाते में भेजी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और समाज कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में आयोजित राज्यस्तरीय सहयोग शिविर में आम लोगों की शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने जिला स्तर पर शिकायतों के निष्पादन से अंसतुष्ट आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इसके तत्काल निपटारे के आदेश दिये। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के मंत्रियों समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। राज्य स्तरीय सहयोग शिविर का आयोजन प्रत्येक महीने के दूसरे मंगलवार को राजधानी पटना में किया जाता है।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना के दीघा घाट से कंगन घाट तक कैटामरान वेसल यानि वाटर मेट्रो के संचालन का शुभारंभ करेंगे। आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल मेट्रो लगभग बारह किलोमीटर की लंबी दूरी को तय करेगी। इसमें एक बार में एक सौ पर्यटक सफ़र कर सकेंगे। वहीं, एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पटना में दो सौ करोड़ रूपये के म्युनिसिपल बॉन्ड जारी करेंगे। पटना में आयोजित समारोह के दौरान पटना नगर निगम के म्युनिसिपल बॉन्ड की नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, एनएसई में लिस्टिंग होगी।

———————————————————

प्रदेश में स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं से जुड़े पेशेवरों के नियमन के लिए बिहार राज्य संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल परिषद क्रियाशील हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने बताया कि परिषद का गठन राष्ट्रीय संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल वृत्ति आयोग अधिनियम, 2021 के प्रावधानों के तहत किया गया है। यह परिषद फिजियोथेरेपी,

मेडिकल लैबोरेटरी साइंस, रेडियोलॉजी और ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी सहित विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों का पंजीकरण और उनकी योग्यता तथा व्यावसायिक मानकों का नियमन करेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के साथ ही प्रशिक्षित मानव संसाधन की उपलब्धता को बढ़ावा मिलेगा।

———————————————————

भारतीय जनता पार्टी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर को लेकर जन–जागरूकता के लिए बाईस नवंबर को देशभर में पदयात्रा निकालेगी। पश्चिम चंपारण के सांसद और लोकसभा में पार्टी के सचेतक डॉ. संजय जायसवाल ने बेतिया में संवाददाता सम्मेलन में ये जानकारी दी। उन्होंने एसआईआर को लेकर विपक्षी दलों पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। डॉ. जायसवाल ने दावा किया कि एसआईआर से किसी भी पात्र मतदाता का नाम नहीं कटेगा और पूरी प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप हो रही है।

———————————————————

प्रदेशभर में आज गोवर्धन पूजा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर पशुपालक गायों की पूजा कर रहे हैं। कई जगहों पर खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया है। गोवर्धन पूजा के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने अपने संदेश में कामना कि है कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आए। इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी प्रदेशवासियों को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————

पटना के डाकबंगला चौराहा स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में भीषण आग लग गयी। अग्निशमन दस्ते की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। अगलगी की घटना में लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति जल कर नष्ट हो गई।

———————————————————

भोजपुर जिला आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

———————————————————

समाप्त